संख्या-36/2016/ पी-444/अड़तीस-9-2016-04(पीएमजीएसवाई)/2012

प्रेषक,

एन0के0 सिंह
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण
लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-9 **लखनऊ : दिनांक- 30 जून, 2016**

विषय- प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के कार्यों के कार्यान्वयन हेतु जनपद सोनभद्र में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के स्थान पर लोक निर्माण विभाग को कार्यक्रम कार्यान्वयन ईकाई नामित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक-856/179/यू0पी0आर0आर0डी0ए0/2016, दिनांक-17.06.2016 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के कार्यान्वयन हेतु शासनादेश संख्या-1366/38-4-2003, दिनांक-21.06.2003 में उल्लिखित जनपद सोनभद्र, जो वर्तमान में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को कार्यदायी संस्था के रूप में आवंटित है, को लोक निर्माण विभाग को कार्यदायी संस्था (कार्यक्रम कार्यान्वयन ईकाई) के रूप में आवंटित किये जाने का निर्णय इस शर्त के अधीन लिया गया है कि पूर्व के स्वीकृत कार्य, जो ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा कराये गये है और प्रगति पर है, वह ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा ही पूर्ण किये जायेंगे।

कृपया शासन द्वारा लिये गये निर्णयानुसार अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

एन0के0 सिंह
विशेष सचिव।

संख्या-36/2016/ पी-444 (1)/अड़तीस-9-2016, तद दिनांक।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2- संयुक्त सचिव/महानिदेशक, राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास एजेन्सी, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
3- प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- प्रमुख सचिव, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 शासन।
5- प्रमुख अभियन्ता (ग्रामीण सड़क), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
6- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0।
7- मुख्य अभियन्ता, पीएमजीएसवाई सेल, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
8- गार्डबुक।

आज्ञा से,

सुरेश कुमार पाण्डेय
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in